तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, रविवार 22 मार्च 2026

भाजपा प्रशिक्षण शिविर में गौरीशंकर ने ... 12



चैट्रीचंड पर्व पर निकाली शोभायात्रा का विधायक... 14





## हरिभूमि-आईएनएच के जिला संवाद में डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने पूछे सवाल

# मंत्री टंकराम वर्मा ने गिनाए जिले के विकास कार्य और कहा - 200 गांवों का नक्शा मेरे दिमाग में फिट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय के आडोटेरियम में शनिवार को हरिभूमि-आईएनएच का जिला संवाद कार्यक्रम हुआ। डॉ. हिमांशु द्विवेदी के जवाबों का राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने पूरी गंभीरता से जवाब देते हुए जिले के विकास की परिक्रमा गिनायी। मंत्री टंकराम ने अपने दो साले के विकास कार्यों का ब्योरा प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी और भाजपा के शिवरतन शर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

■ ***अभी कलेक्ट्रेट के जलने का जिक्र हो रहा था, आपको समझ में आया क्या क्यों जला और आगे न जले इसके लिए क्या कर रहे हैं***

■ इस पर मंत्री ने कहा- हमारा जिला बहुत भाग्यशाली जिला है, धर्म, संस्कृति और संस्कार का गढ़ है। गुरु घासीदास, शहीद वीरनारायण सिंह, दामाखेड़ा, सोनपाठ के नाम से जाना जाता है। खास बात यह है कि हमारे जिले में भाजपा-कांग्रेस के बीच कभी लड़ाई नहीं होती, सभी मिलजुलकर रहते हैं। भले ही विचारधारा अलग है, लेकिन कभी भी आमने-सामने लड़ाई नहीं होती। मैं हमेशा अधिकारियों से भी कहता हूं। यहां काम करने का बहुत अच्छा अवसर है। यहां राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता नहीं है। काम करने का तरीका अलग हो सकता है, लेकिन काम करना चाहिए। 10 जून 2024 की घटना हमारे जिले व प्रदेश के लिए बहुत बड़ा दाग है। हमारा ▶▶ शेष पेज 12 पर



■ *डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने सवाल किए कि बलौदाबाजार को तो मंत्री मिला लेकिन उस मंत्री के मिलने से जिले को क्या मिला?*

■ इस पर जवाब देते हुए मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा- मैंने कभी सपने में नहीं सोचा था, कि मैं विधायक और मंत्री बन जाउंगा। लेकिन सब के आर्शीवाद से बन गया। मेरा पूरा समय इसी सोच में गुजरता है कि मैं बलौदाबाजार में क्या कर सकता हूं, मैं जिस रास्ते से गुजरता हूं, उसे देखते हुए जाता हूं, कि कहां पर क्या सुविधा होनी चाहिए। 200 गांवों का नक्शा मेरे दिमाग में फीट है। गांवों की कोई मांग बताना नहीं पड़ता, मुझे मालूम है कि किस गांव में क्या चाहिए। मैं जितना कर सकते था अपने दो साल के कार्य में उतना कार्य मैंने किया है। मेरे क्षेत्र की जनता भी संतुष्ट है। हमारा जिला खेल-कूद में बहुत पीछे था, तो हमने यहां एथेलेटिक ट्रैक का सैंक्शन कराया है। सात करोड़ का एथेलेटिक ट्रैक का काम अभी चल रहा है। यहां के बच्चों को और अच्छी सुविधा दिलवाने के लिए एक मल्टीपरपस हॉल के लिए 15 करोड़ स्वीकृत कराया है, उसका टेंडर अभी लग गया है। 15 दिन बाद टेंडर ओपन हो जायेगा। नालंदा परिसर का काम भी चल रहा है। बलौदाबाजार से सिमगा, पडकीडीह से हिरमी, तिल्दा से सांकरा के लिए सड़क स्वीकृत हो गई है। सुहेला में मांग थी कि कॉलेज होना चाहिए, वहां हमने स्वीकृति दिला दी है। इसके साथ ही सुहेला और तिल्दा में भी हमने पांच करोड़ का मल्टीपरपस हॉल स्वीकृत कर दिया। कुकदा कॉलेज के लिए भी ऑडिटोरियम के लिए मंजूरी मिल गई है। बलौदाबाजार के दाऊ कल्याण महाविद्यालय को सेंटर ऑफ एक्सेंलेंस के रूप में विकसित करेंगे। यहीं से मैंने पढ़ाई की है, जिसपें मुझे गर्व होता है कि कॉलेज का भवन बहुत ही जर्जर हो चुका था। उसके लिए 10 करोड़ रूपए स्वीकृत कराया गया। लगातार हमारा क्षेत्र व गांव में काम चल रहा है। कसडोल, पलारी, भाटापारा सभी जगह जितना हो सके उतना कार्य करने का हम प्रयास करते हैं।

## शिक्षा, स्वास्थ्य और कानून व्यवस्था पर प्रशासन का फोकस

### संवाद में उभरी तस्वीर : विकास, उद्योग और सुरक्षा के बीच संतुलन की कोशिश



**बलौदाबाजार ।** बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में प्रशासनिक सक्रियता और नई सोच की झलक देखने को मिल रही है। जिले की कमान संभालने के बाद कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जहां विकास की संभावनाओं को गति देने पर जोर दिया है, वहीं पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए जन सहयोग और संवेदनशील पुलिसिंग को प्राथमिकता दे रही हैं। इसी कड़ी में आयोजित संवाद कार्यक्रम में हरिभूमि आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के साथ कलेक्टर, एसपी और डीएफओ ने जिले के विकास, सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और चुनौतियों पर खुलकर अपनी बात रखी। इस संवाद से जिले के भविष्य की दिशा और प्रशासन की कार्यशैली की स्पष्ट तस्वीर सामने आई है।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के साथ संवाद

***सवाल - चुनौतीपूर्ण जिले में पदस्थापना होने पर क्या महसूस हुई और जिले की कमान संभाले हुए एक महीना भी नहीं हुए है इस दौरान क्या अनुभव हुए?***

**कलेक्टर -** कुलदीप शर्मा -बलौदाबाजार भाटापारा जिला ऐतिहासिक, सांस्कृतिक औद्योगिक दृष्टि से महत्वपूर्ण जिला है। कृषि प्रधान भी है और अपने आप में कई विशेषताओं को समाहित किये है.। जब मुझे इस जिले की जिम्मेदारी दी गई तो मेरे लिये चुनौती से ज्यादा जिम्मेदारी था। जिला ने अपने कई क्षेत्रों में विकास के नये आयाम गाढे हैं चाहे वह कृषि, उद्योग, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में हो।उन आयामो की बेहतर क्रियान्वयन की जिम्मेदारी मुझ पर है जो मेरे लिये ख़ुशी का भी और ज़िम्मेवारी का भी विषय है। ▶▶ शेष पेज 12 पर

## नवरात्रि विशेष



### चतुर्थ : कूष्माण्डा

मां दुर्गा अपने चतुर्थ स्वरूप में कूष्माण्डा के नाम से जानी जाती हैं। नवरात्र के चौथे दिन आयु, यश, बल व ऐश्वर्य को प्रदान करने वाली भगवती कूष्माण्डा की उपासना-आराधना का विधान है। अपनी मंद हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार परिव्याप्त था तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति मानी जाती हैं. इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं. इनकी आठ भुजाएं हैं. अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं. आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है. इनका वाहन सिंह है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के रूप में पूजा जाता है. संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा को कुम्हड़ कहते हैं. बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है. इस कारण से भी मां कूष्माण्डा कहलाती हैं. सर्वप्रथम मां कूष्मांडा की मूर्ति अथवा तस्वीर को चौकी पर दुर्गा यंत्र के साथ स्थापित करें इस यंत्र के नीचे चौकी पर पीला वस्त्र बिछाएं. अपने मनोरथ के लिए मनोकामना गुटिका यंत्र के साथ रखें. दीप प्रज्ज्वलित करें तथा हाथ में पीले पुष्प लेकर मां कूष्मांडा का ध्यान करें.

वन्दे वांछित कामर्थे चन्द्रार्घकृत शेखराम्।
सिंहरूढा अष्टभुजा कुष्माण्डा यशस्वनीम्।।

## खबर संक्षेप

### कोटपा एक्ट के तहत सिमगा में बड़ी कार्रवाई



**सिमगा।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर कोटपा एक्ट के तहत शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर परिधि अंतर्गत सिमगा में संचालित दुकानों में गुटखा, बीड़ी, सिगरेट, तम्बाकू एवं उसके उत्पाद बिक्री की जांच संयुक्त टीम द्वारा की गई। एसडीएम सिमगा अतुल शेट्टे के नेतृत्व में राजस्व, खाद्य एवं औषधि प्रशासन की संयुक्त जांच टीम द्वारा सिमगा स्थित स्कूल -कॉलेज के 100 मीटर के दायरे में आने वाले पान ठेला, किराना स्टोर में रखे नशीली पदार्थ जैसे गुटखा, सिगरेट, बीड़ी अन्य तंबाकू उत्पाद बिक्री की जांच की गई। दुकानदारों को समझाईश दी गई कि कोटपा एक्ट के तहत स्कूल एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों के आस पास मादक पदार्थ की बिक्री प्रतिबंधित है।

## रात में तेज आवाज में डीजे बजाने पर वाहन और साउंड सिस्टम जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल/ सेल

सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित समय सीमा के उपरांत तथा तय सीमा से अधिक, तीव्र आवाज में मालवाहक वाहन में डीजे एवं धुमाल बजाने वाले संचालकों पर कड़ी कार्रवाई हेतु निर्देश दिया गया है। उक्त निर्देशों के परिपालन में 20 मार्च की रात निर्धारित समय सीमा के उपरांत, तीव्र आवाज में मालवाहक वाहन में डीजे साउंड सिस्टम बजाने वाले डीजे संचालक के विरुद्ध कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।



■ पुलिस ने बाजार चौक ग्राम हटौद में की कार्रवाई

रात्रि में सूचना मिली कि ग्राम हटौद बाजार चौक में डीजे संचालक द्वारा मालवाहक वाहन में तीव्र आवाज में डीजे साउंड सिस्टम बजाया जा रहा है। कि उक्त सूचना पर थाना कसडोल पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर डीजे वाहन क्र. सीजी 13 एल 0644 संचालक अनावेदक दिनेश राव 25 साल निवासी ग्राम दर्रा थाना कसडोल के विरुद्ध धारा 15(1) कोलाहल अधिनियम एवं 146/196,190-2 एमव्ही एक्ट के तहत कार्रवाई कर वाहन क्र. सीजी 13 एल 0644 सहित संपूर्ण डीजे साउंड सिस्टम जब्त किया गया। नियमों का पालन नहीं करने वाले डी.जे. एवं धुमाल संचालकों के विरूद्ध थाना कसडोल पुलिस का यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

## मालवाहक ट्रेलर में सवारी बैठाया, चालक गिरफ्तार



**खरोरा।** नगर पुलिस ने शनिवार रात एक बड़ी दुर्घटना को टालते हुए यात्रियों से भरे ट्रेलर पर सख्त कार्रवाई की। तिगड्डा चौक पर चेकिंग के दौरान ट्रेलर सीजी 04 पीपी 8113 को रोका, जिसमें बेमेतरा जिले के करीब 200-250 ग्रामीण सवार थे। ये सभी रायगढ़ स्थित मां चंद्रहासिनी देवी के दर्शन कर लौट रहे थे।

जांच में पाया गया कि चालक शोभित राम निषाद 30 वर्ष मालवाहक वाहन को अत्यधिक तेज गति और लापरवाही से चला रहा था, जिससे यात्रियों की जान को गंभीर खतरा था। वाहन रोके जाने पर चालक ने पुलिस स्टाफ के साथ दुर्व्यवहार भी किया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 और मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184 के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और पुलिस के सहयोग से यात्रियों की सुरक्षा के लिए तत्काल 2 बसे और 5 क्रूजर वाहन उपलब्ध कराए गए। सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित उनके गृह ग्राम बहेरघर (बेमेतरा) के लिए रवाना किया गया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष, पार्षदों और आम नागरिकों ने पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की सराहना की।



### बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

## कलेक्टर का पेंशनर्स एसोसिएशन ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सर्किट हाउस में कलेक्टर कुलदीप शर्मा से भेंट कर उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत-अभिनंदन किया। इस दौरान कलेक्टर ने पेंशनरों के स्वास्थ्य एवं दीर्घायु होने की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रांतीय महामंत्री डीपी जैन, जिलाध्यक्ष एसएम पाध्ये, तहसील अध्यक्ष एसडी पड़वार, सचिव केके वर्मा सहित एके ध्रुव, राजेंद्र मिश्रा और एलके ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

सर्किट हाउस में आयोजित पेंशनर्स की मासिक बैठक में वार्षिक सम्मेलन तथा नियमित बैठकों के लिए स्थान निर्धारण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। पश्चिम एशिया में युद्ध की स्थिति एवं सम्मेलन के दौरान गैस सिलेंडर की संभावित कमी को ध्यान में रखते हुए वार्षिक सम्मेलन को दशहरा-दीपावली के आसपास आयोजित करने पर सहमति बनी।

बैठक में नियमित बैठकों के लिए स्थान की समस्या का समाधान भी निकाला गया। पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील इकाई के अध्यक्ष तारण सिंह ठाकुर ने जिलाध्यक्ष जाधव की सहमति से अपने भवन को बैठकों हेतु उपलब्ध कराने का प्रस्ताव दिया, जिसे सभी ने स्वीकार किया। इस पहल के लिए उपस्थित सदस्यों ने तारण सिंह ठाकुर के प्रति आभार व्यक्त किया। बैठक में एसपी पाण्डेय, हेमंत श्रीवास्तव, जीपी वर्मा, केके वर्मा, एके ध्रुव, राजेंद्र मिश्रा, इतवारी राम ध्रुव, देवेंद्र वैष्णव, रमेश वर्मा एवं लता कश्यप सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप



### जिला जेल का विशेषज्ञ समिति ने किया निरीक्षण

**बलौदाबाजार।** सर्वोच्च न्यायालय एवं बाल अधिकार संरक्षण आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार जेलों में निरुद्ध बंदियों के उम्र सत्यापन की प्रक्रिया के तहत शुक्रवार को जिला स्तरीय विशेषज्ञ समिति ने जिला जेल बलौदाबाजार का निरीक्षण किया। विशेषज्ञ समिति ने जेल का दौरा कर बैरकों का निरीक्षण किया। इस दौरान समिति के सदस्यों ने प्रत्येक बंदी से मुलाकात कर उनकी वास्तविक आयु से संबंधित जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान एक बंदी की आयु संदिग्ध पाई गई। संबंधित दस्तावेजों के सत्यापन के लिए उसके परिजनों से संपर्क किया जा रहा है, ताकि आयु की पुष्टि होने पर उसे बाल संप्रेषण गृह में स्थानांतरित किया जा सके। निरीक्षण के दौरान जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रकाश दास, विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी मेघा शर्मा, पेनल अधिवक्ता संजय सोनी सहित जेल के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### प्रशिक्षण कार्यशाला में संगठन सुदृढ़ करने पर जोर



खरोरा। पूर्व विधायक कार्यालय में मंडल की प्रशिक्षण कार्यशाला बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठनात्मक मजबूती और आगामी प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में विधायक अनुज शर्मा एवं जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान भाजपा की विचारधारा से प्रभावित होकर 4 लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर अतिथियों ने उन्हें भगवा गमछा पहनाकर स्वागत किया। जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी प्रशिक्षण वर्ग संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का अवसर देगा। विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि आज विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर पौधारोपण का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है, जो निरंतर कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण और संगठन विस्तार के लिए कार्यशालाओं का आयोजन करती है। उन्होंने आगामी दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया।कार्यक्रम में वेदराम मनहरे, टिकेश्वर मनहरे, रश्मि वर्मा, सोना वर्मा, डॉ. गुलाब टिकरिया, नरेंद्र ठाकुर, जनपद सदस्य शिवशंकर वर्मा अदि कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## प्रशिक्षण शिविर : संगठन की मजबूती का दिया मंत्र

# भाजपा प्रशिक्षण शिविर में गौरीशंकर ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कसडोल/सेल

भाजपा कार्यालय दर्रा (कसडोल) पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल आज भाजपा कार्यालय कसडोल में आयोजित प्रशिक्षण महाभियान कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव बलौदाबाजार, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, पूर्व प्रदेश मंत्री श्यामबाई साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता राजकुमार जायसवाल, मंडल अध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी, कटगी मंडल अध्यक्ष अंजीव जायसवाल, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष रामचंद्र ध्रुव, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शीला वर्मा, कोषाध्यक्ष खिलेश्वरी थवाईत, मंडल उपाध्यक्ष चंद्रिका पटेल, मंडल महामंत्री अनिल श्रीवास, राजू साहू हरिकांत, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सीमा थवाईत, निर्मला साहू, शकुंतला पटेल, पार्षद मंजू बंजारे, पार्षद भगवती साहू, पार्षद सरोजनी साहू, ममता कर्ष सहित भारी संख्या में मंडल के कार्यकर्तागण उपस्थित थे। दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर कसडोल में अत्यंत गरिमामय एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह प्रशिक्षण शिविर भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण एवं कार्यकर्ताओं के वैचारिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।





### अंत्योदय और एकात्म मानववाद के सिद्धांतों पर विशेष जोर

कार्यक्रम में मंडल के पदाधिकारियों, मोर्चा प्रभारियों एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली। शिविर के दौरान विभिन्न सत्रों का आयोजन किया गया जिसमें वक्ताओं ने वैचारिक अधिष्ठान पार्टी का इतिहास एवं विकास तथा कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि जैसे विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया। वक्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद के विचारों को आत्मसात करते हुए संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने का संदेश दिया।कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे जन-जन तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं एवं समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान हेतु निरंतर कार्य करें। शिविर के दौरान अनुशासन संगठनात्मक कार्यप्रणाली टीम वर्क एवं जनसंपर्क जैसे विषयों पर भी विशेष जोर दिया गया।



भाजपा कार्यालय दर्रा (कसडोल) पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल आज भाजपा कार्यालय कसडोल में आयोजित प्रशिक्षण महाभियान कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव बलौदाबाजार, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, पूर्व प्रदेश मंत्री श्यामबाई साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता राजकुमार जायसवाल, मंडल अध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी, कटगी मंडल अध्यक्ष अंजीव जायसवाल, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष रामचंद्र ध्रुव, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शीला वर्मा, कोषाध्यक्ष खिलेश्वरी थवाईत, मंडल उपाध्यक्ष चंद्रिका पटेल, मंडल महामंत्री अनिल श्रीवास, राजू साहू हरिकांत, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सीमा थवाईत, निर्मला साहू, शकुंतला पटेल, पार्षद मंजू बंजारे, पार्षद भगवती साहू, पार्षद सरोजनी साहू, ममता कर्ष सहित भारी संख्या में मंडल के कार्यकर्तागण उपस्थित थे। दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर कसडोल में अत्यंत गरिमामय एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह प्रशिक्षण शिविर भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण एवं कार्यकर्ताओं के वैचारिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

कार्यकर्ताओं ने पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त किया एवं अपने-अपने दायित्वों का बेहतर निर्वहन करने का संकल्प लिया।अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने एवं आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। यह प्रशिक्षण शिविर निश्चित रूप से मंडल के कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायी एवं मार्गदर्शक सिद्ध होगा। प्रशिक्षण शिविर को सफल बनाने के लिए सभी हमारे वरिष्ठ जन कार्यकर्ता बंधुओं एवं मातृशक्ति बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए थे।

### सत्ता के लिए नहीं, एकात्म मानववाद के लिए काम करती है भाजपा

**पलारी।** पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण मंडल पलारी संडी एवं रोहांसी का संयुक्त प्रशिक्षण कार्यशाला पलारी में छग मनवा कुर्मी समाज सामुदायिक भवन में हुआ। पूर्व अध्यक्ष विधानसभा छत्तीसगढ़ गौरीशंकर अग्रवाल ने ने कहा कभी सत्ता के लिए काम नहीं करती भारतीय जनता पार्टी एकात्म मानववाद को लेकर काम करती है। भाजपा हमेशा से गरीब, मजदूर, मध्यम वर्गों का हित में काम करती है। योगेश चंद्राकर पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक रायपुर-1925 में डा हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयं संघ का निर्माण किया, भारतीय जनता एक ओ



पार्टी है जिसमे 1 गरीब चाय बेचने वाले को प्रधानमंत्री सकता है। मध्यम परिवार का गरीब की बेटी को राष्ट्रपति बनाया है। डॉ सनम जांगड़े चर्चा करते हुए बताया कि आज केंद्र और राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है छत्तीसगढ़ में विष्णु देव की सरकार ने सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए महतारी वंदन के माध्यम से हर माताओं को 1000 प्रति माह दिया जा रहा है। घोषणा के मुताबित किसानों का 21 कुंटल धान 3100 रू दे रहा है। टेसुलाल धुरंधर प्रदेश सह संयोजक शिक्षा प्रकोष्ठ ने कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि के बारे में विस्तार से बताया। जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी ने भाजपा का इतिहास एवं विकास के बारे में जानकारी दी। जिला अध्यक्ष अन्य पिछला मोर्चा महाबल बघेल ने कार्य पद्धति एवं कार्यकर्ता के बारे में जानकारी दी। आशीष जायसवाल प्रदेश मंत्री अन्य पिछला मोर्चा ने सोशल मीडिया, **AI**, मोदी एप एवं सरल एप के बारे में जानकारी दी। मंच पर प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद शर्मा, विपिन बिहारी वर्मा, दुर्गा महेश्वर, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, तेजराम वर्मा, इंद्रदेव वर्मा, नंदकुमार वर्मा, मण्डल अध्यक्ष पवन वर्मा, विजय कोसले, मिथलेश साहू, जनपद अध्यक्ष सविता यादव, उमेश यद्धु, संतोष वर्मा, केजुराम साहू, मोहन साहू, पप्पू वर्मा, भीष्मदेव सोनवानी, चरणदास तेहरवंस, सेवक वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# क्रिकेट में दतान विजेता घिरघोल उपविजेता बना



मुंडा। ग्राम पंचायत मल्लीन में लिटिल स्टार के तत्वावधान में 10 मार्च से आयोजित मल्लीन प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन 20 मार्च को हुआ। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद सभापति अश्वनी रजक थे। वहीं प्रमुख अतिथि विक्रेता शिवानंद गिरी एवं विशिष्ट अतिथि सरपंच रामकली महेश मिर्झा ग्राम पटेल सुखदेव प्रसाद साहू थे। 10 मार्च से आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में आसपास के 32 टीमों ने भाग लिया था। 20 मार्च को दतान और घिरघोल के मध्य फाइनल मुकाबला हुआ। इसमें दतान की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लेते हुए 10 ओवर में 86 रन बनाए, जिसमें पप्पू ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए अपने टीम के लिए 42 रन का योगदान दिया। जीत के लिए 87 रन की पीछा करते हुए घिरघोल की टीम 48 रन पर ऑल आउट हो गई। इस तरह विजेता दतान की टीम को 15 हजार रुपए एवं ट्रॉफी उपविजेता घिरघोल को 10 हजार एवं ट्राफी और तीसरे स्थान पर रहे सिनोधा की टीम को 5 हजार रुपये एवं ट्राफी प्रदान किया गया। इसी तरह मैच ऑफ़ द सीरीज दतान की पप्पू को एक हजार बेस्ट बैट्समैन घिरघोल की रवि को 501 रुपए एवं बेस्ट बॉलर मल्लीन की नागेश ध्रुव को 501 रुपए का इनाम दिया गया। जनपद सभापति अश्वनी रजक ने कहा कि हार जीत लगा रहता है हार से निराश नहीं होना चाहिए। आज हार है तो कल जीत भी निश्चित होगी। इस दौरान पंच सुमित्रा साहू, नारायण साहू एवं ग्रामीण डोमार साहू, लखेश साहू, निर्मल साहू, मंगलुराम साहू, लोकनाथ साहू, सुरेश साई, छेदीलाल साहू और आयोजक टीम के कप्तान नागेश ध्रुव, उपकप्तान दिलेश्वर, नीलकंठ सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# जंगलों में गूंज रही भक्ति की गूंज, आस्था और प्रकृति का अनूठा संगम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कसडोल/सेल

जिले बारनवापारा अभ्यारण्य इन दिनों केवल वन्यजीव प्रेमियों के लिए ही नहीं, बल्कि श्रद्धालुओं के लिए भी विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। घने जंगलों के बीच विराजे दो देवियों के दर पर आस्था की ज्योत जल रही है, जहां प्रदेश भर से हजारों की संख्या में भक्त अपनी मनोकामनाएं लेकर पहुंच रहे हैं। दो दिशाओं में विराजीं रक्षक देवियां अभ्यारण्य के उत्तर और दक्षिण छोर पर दो प्राचीन शक्तिपीठ स्थित हैं। जिनकी मान्यता दूर-दूर तक फैली है। उत्तर में माता गढ़ दाई तुरतुरिया के समीप स्थित मातागढ़ दाई का मंदिर ऐतिहासिक और





आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र है। दक्षिण में मां चांदा दाई प्राचीन गोड़ गुफा क्षेत्र में स्थित मां चांदा दाई के प्रति स्थानीय ग्रामीणों और पर्यटकों में अटूट श्रद्धा है। पर्यटन के साथ भक्ति का मेल जानकारों के अनुसार चैत्र नवरात्रि बारनवापारा घूमने का सबसे अच्छा समय माना जाता है।

इस दौरान जंगल की हरियाली और देवी दर्शन का दोहरा लाभ पर्यटकों को मिलता है। श्रद्धालु यहां न केवल मत्था टेकते हैं। बल्कि अपनी मन्नत पूरी होने पर विशेष सेवा अर्जी भी देते हैं। पर्यटकों के लिए सुगम व्यवस्था बढ़ती भीड़ को देखते हुए पर्यटन विभाग और स्थानीय प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं। ठहरने के विकल्प बारनवापारा और मोंहदा में पर्यटन विभाग के रिसॉर्ट्स उपलब्ध हैं जिनकी बुकिंग ऑनलाइन की जा सकती है।निजी रिसॉर्ट्स बरबसपुर और रायतुम जैसे क्षेत्रों में निजी रिसॉर्ट्स भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। सुविधाएं भोजन सफारी और रुकने की सुचारू व्यवस्था के कारण अब यहां सपरिवार आना और भी आसान हो गया है।

# महिलाओं और उद्यमियों ने सीखे स्वरोजगार के गुर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

भारत सरकार की रैंप योजना अंतर्गत सीएसआईडीसी रायपुर के बैनर तले तथा निम्समे हैदराबाद के सहयोग से कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) भाटापारा में 19 से 21 मार्च तक सेक्टर स्पेसिफिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस (लघु वनोपज) आधारित फूड प्रोसेसिंग पर केंद्रित रहा।

प्रशिक्षण के प्रारंभ दिवस पर कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं



प्रमुख डॉ. अंगद सिंह राजपूत द्वारा प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए लघु वनोपज से मूल्य संवर्धन, आधुनिक तकनीक एवं विपणन के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। तीन दिवसीय प्रशिक्षण में बलौदाबाजार जिले के उद्यमियों, महिला उद्यमियों एवं महिला स्व-सहायता समूहों की सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों को दीपमाला लकरा द्वारा माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस से नए उत्पाद तैयार करने की तकनीक, मार्केटिंग, ब्रांडिंग एवं आवश्यक सर्टिफिकेशन के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस पर जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र भाटापारा के प्रबंधक श्री जितेंद्र धिरही विशेष रूप से उपस्थित हुए एवं उन्होंने प्रतिभागियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी।साथ ही प्रायोगिक सत्रों का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को चीकू, तेंदू आदि से आइसक्रीम, अचार एवं जूस जैसे विभिन्न उत्पाद बनाना सिखाया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों में सीखने और स्वरोजगार के प्रति विशेष उत्साह देखा गया। समापन अवसर पर डॉ. सविता राजपूत द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## पेज 11 के शेष

### मंत्री टंकराम वर्मा ने...

सतनामी समाज बहुत अच्छा और शांतिप्रिय है, वे लोग अपना ज्ञापन सौंपने जा रहे थे, लेकिन उनके आड़ में कांग्रेस का हाथ है, उसे नकारा नहीं जा सकता। उन्हीं के कारण यहां पर इतनी बड़ी घटना हुई है।

■ ***अगले तीन साल के सन्दर्भ में आपका क्या रोड मैप है ? बलौदाबाजार से सारंगढ़ फोर लाइन होना था, अभी तक नहीं हुआ है, सड़कों पर बहुत ट्रैफिक है।***

■ इस पर मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा- बलौदाबाजार को आगे ले जाने के लिए हमने बहुत कुछ सोच रखा है और उसमें हम काम कर रहे हैं, जो हमने सोचा है, उसमें आगे बढ़ रहे हैं। केन्द्रीय विद्यालय के लिए हम प्रयास कर रहे थे, लेकिन उसमें कुछ टेक्निकल समस्या आ गई, जिसकी वजह से स्वीकृति नहीं मिल पायी। जिस भवन का प्रस्ताव हमने भेजा था, उसे रिजेक्ट कर दिया गया है। आगे चलके हम मेडिकल कॉलेज के लिए भी प्रयास करेंगे। हमारे सूची में और भी बहुत सारे कार्य है, लेकिन सभी एक साथ नहीं हो सकता है, एक-एक करके करेंगे। पिछले दो साल में हमने बहुत बढ़यिा काम किया है। इसीलिए हम कहते हैं कि दो साल विष्णुदेव साय का बेमिसाल है। पूरे प्रदेश में बढ़यिा वातावरण बना हुआ है। बस्तर में नक्सलवाद का सफाया हो रहा है, वहां पर शांति, समृद्धि और विकास के नये आयाम गढ़े जा रहे हैं। मुख्यमंत्री का नाम इतिहास के स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जायेगा कि उनके नेतृत्व में बस्तर से नक्सलवाद का सफाया हुआ। रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल व लक्ष्मी वर्मा का राज्यसभा का प्रत्याशी होना, टंकराम वर्मा, प्रमोद शर्मा के लिए सौभाग्य की बात है या क्षेत्र की जनता के लिए सौभाग्य की बात है। लक्ष्मी वर्मा काफी वरिष्ठ है, काफी संघर्ष कर रही है और संगठन में भी मजबूती के साथ अपने दायित्वों का निवर्हन कर रही है। मैं बधाई देता हूं और बृजमोहन अग्रवाल को जो बहुत पुराने नेता है, हम सबके नेता है, 40 साल से ज्यादा प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। यह हमारे बलौदाबाजार क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उनके मार्गदर्शन में विकास को एक नई गति मिलेगी।

■ ***आप कहते हैं कि आप राजनीतिक व्यक्ति नहीं है, धर्म संस्कृति से जुड़े हुए है। मंत्री बनने के बाद आपके धर्म संगीत की क्या स्थिति है ?***

■ इस सवाल पर मंत्री ने कहा - ठीक है चल रहा है, उसके लिए समय निकालना पड़ता है, उसके बिना जीवन अधुरा है। संगीत में कभी-कभी एक-दो महीने बैठ लेते हैं। संगीत से शक्ति मिलती है, संगीत ही जीवन है, संगीत में ही ऊर्जा है। कार्यक्रम का समापन राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने अपने सुमधुर आवाज में भजन गाकर किया।

### शिक्षा, स्वास्थ्य और कानून...

**सवाल - एक महीने के कामकाज के क्या अनुभव है ? ख़ुशी का या परेशानी का विषय है।**

**कलेक्टर** - लगभग 21 दिन हुए है इस जिले की जिम्मेदारी संभालते हुए। इस दौरान कसडोल, पलारी, बलौदाबाजार, भाटापारा विकासखंड के विभिन्न ग्राम पंचायत, स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र, स्वास्थ्य केन्द्र का जायजा लेने के साथ ही लोगों से मुलाक़ात की और वस्तु स्थिति की जानकारी लेने की कोशिश की। फिल्ड विजिट में देखने में आया कि हमारे जिले में संभावनाएं अधिक हैं तो इस बात का महसूस किया कि जब संभावनाएं बहुत है और यहां की युवा शक्ति अपने आप में सुदृढ़ है कि वो बेहतर से बेहतर करने की आकांक्षा उसमें हर समय बनी रहती है। यहां के जनप्रतिनिधि, सामाजिकजनो से मुलाक़ात हुईं तो उनका कहना है कि दो साल पहले जो घटमा हुईं वह पुरानी बातें है। अब हम चाहते है कि हमारा जिला न केवल राज्य स्तर पर बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बनाए। जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है कि बलौदाबाजार -भाटापारा जिला निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर हो।

***सवाल - औद्योगिक और व्यापारिक वातावरण का कैसा अनुभव रहा ?***

**कलेक्टर** - बलौदाबाजार -भाटापारा जिला औद्योगिक रूप से बहुत उन्नत जिला है। जहां उद्योग होते है वहां बहुत से लोगों को प्रत्यक्ष रूप से रोज़गार भी मिलते हैं। वहीं ट्रांसपोर्ट से जुड़े व्यापारियों को भी फायदा होता है। उद्योगों के माध्यम से डीएमएफ और सीएसआर की राशि भी प्राप्त होती है उसके माध्यम स्वास्थ्य,कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास सहित बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जाता है। जनप्रतिनिधि एवं उद्योग से जुड़े लोगों की आकांक्षा रहती है कि जिले के विकास के लिये प्रयास किया जाए। जिला प्रशासन उनके फीडबैक को बेहतर तरीके से लेकर उनकी सुझावों को शामिल करने का प्रयास करता है।

***सवाल - मेरे क्षेत्र में मेरा विकास हो ऐसे मानने वालों के साथ क्या तजुर्बा है ?***

**कलेक्टर** - जब भी कोई जनप्रतिनिधि या व्यापारिक क्षेत्र के लोग मुझसे मिलने आते है तो अपने क्षेत्र में पुल,पुलिया, सड़क आदि निर्माण की बात करते है तो उनका एक ही मकसद होता है कि उनके क्षेत्र में विकास हो।

***सवाल - जिले ऐसे कौन से क्षेत्र है जहां काम करने की ज्यादा जरूरत है ?***

**कलेक्टर** - वैसे तो बहुत से क्षेत्रों में काम कराने की आवश्यकता है लेकिन जो स्थिति आज है उसको बेहतर करने के लिये आकांक्षा व अपेक्षा सभी की रहती है। शिक्षा व्यवस्था में आधारभूत संरचना मजबूत हो बल्कि हमारे जो बच्चे हैं लर्निंग आउटकम के आधार पर बेहतर शिक्षा कैसे प्रदान किया जा सके, स्वास्थ्य सुविधायें जो हमारी प्राथमिक स्तर पर हैं ग्रामीण अंचल पर उन सुविधाओं को कैसे पहुंचाया जा सके,कृषि में जो हमारे किसान सलग्न है उनके लिये सिचित क्षेत्र को कैसे बढ़ाया जा सके, प्राकृतिक खेती को कैसे उन्नत किया जा सके, इन क्षेत्रों में काम करने की आवश्यकता है। चुनौती एक नहीं है, जिले के सन्दर्भ में देखा जाए तो चुनौती हमेशा रहती है जो आज है उससे बेहतर करने की चुनौती रहती है। चुनौतियों का सामना करने के लिये हमने समान रूप से योजना बनाई हैं और उसके क्रियान्वयन के लिये प्रशासन कटिबद्ध है।

### पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के साथ संवाद

***सवाल - जिला ऐसा है कि यहां कब कौन सी घटना हो जाए ऐसे में क़ानून व्यवस्था को लेकर लोगों में किस तरह के अनुभव हैं ?***

**एसपी** - जब हम वर्दी पहनते हैं तो डर उतार देते हैं। जब आपके मन में डर नहीं होता तो आपको नींद भी अच्छी आती है। जहाँ तक जिले में क़ानून व्यवस्था की बात है जिला धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से काफी संवेदनशील हैं। पिछले एक वर्ष के कार्यकाल में जो क़ानून व्यवस्था रही वह बेहतर हुईं है। पुलिसिंग में काफी जनसहयोग मिला। शासन के निर्देशानुसार शक्ति और संवेदनशीलता से क़ानून व्यवस्था कायम किया जा रहा है। जनता पुलिस को अपना मित्र समझे और जो अपराधी हैं उनके मन में खौफ हो, इसी लक्ष्य के साथ पुलिस की कार्यवाही हो रही है।प्रिवेंटिव कार्यवाही पर ज्यादा जोर दिया जा रहा है। संवेदनशीलता अंतर्गत सीधे संवाद की बात होती है। लगातार यह प्रयास किया जा रहा है कि लोग सीधे पुलिस के साथ अपनी बात रख सकें चाहे वह पुलिस हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से हो। थाना स्तर पर क्यूआर कोड आधारित फीडबैक सिस्टम शुरू किया हैं कि जो लोग हमारे यूनिट्स में आते हैं वो अपने अनुभव साझा करें कि क्या बेहतर हो सकता हैं। जहां से शुरू किया था उससे बेहतर आज देख पा रहे हैं।

***सवाल - क़ानून व्यवस्था के संदर्भ में कौनसी चुनौतियों का सामना करना पड़ा ?***

**एसपी** - पहली बात तो ये है कि पुलिसिंग तब तक सार्थक नहीं हो सकती जब तक जन सहयोग न मिले। सबसे ज्यादा जरूरी है कि एक गैप नहीं होना चाहिए चाहे किसी भी क्षेत्र की बात करें। सबको समान रूप से अवसर मिले और लोग निर्भीक होकर अपनी बात पहुंचा सकें। दूसरा क़ानून सबको एक दृष्टि से देखे। इन दोनों बातो से स्थिति बेहतर होती हैं।

***सवाल - जिले महानदी व शिवनाथ नदी प्रवाहित होती हैं और अवैध रेत उत्खनन के मामले भी आते हैं। इसको लेकर क्या चुनौती है ?***

**एसपी** - रेत एवं अन्य अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिये कानूनी प्रावधान एवं सामाजिक पहलुओं को भी ध्यान रखकर कार्यवाही की जाती है। अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने संयुक्त टीम गठित हैं जो संवेदनशील क्षेत्रों की मैपिंग कर कार्यवाही की जाती है।

### डीएफओ श्री गणवीर धम्मशील के साथ संवाद

***सवाल - जंगल से अवैध रुप से पेड़ कटाई की रोकथाम व कार्यवाही किस प्रकार हो रही है ?***

**डीएफओ** - जिले में काफ़ी वन क्षेत्र हैं और निरंतर इसकी निगरानी की जा रही है। वन प्रबंधन समिति काफ़ी सक्रिय हैं और अपने जंगलो को बचाने आगे आते हैं। हमारा प्रयास हैं कि हर गांव में सक्रिय समिति रहे।

***सवाल - जो लोग बारनवापारा अभयारण्य घूमने जाते हैं उनकी शिकायत है कि यहां जानवर नहीं दीखते ? क्या वास्तव में जानवर नहीं हैं।***

**डीएफओ** - ऐसी स्थिति नहीं हैं। बारनावापारा में तेंदुआ दिख जाते हैं। पिछले दो साल में यहां बाघ की मौजूदगी भी देखने को मिला है। काफ़ी संख्या में हिरण एवं ब्लैकबगभी है।इसके साथ ही अन्य प्राणी भी है। यहां लेपर्ड टूरिज्म को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। यहां विभिन्न प्रजाति के दुर्लभ पक्षियों का भी बसेरा है। बारनावापारा क्षेत्र केवल अभयारण्य ही नहीं बल्कि ऐतिहासिक व सांस्कृतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। लोगों को यहां की ऐतिहासिक व सांस्कृतिक वैभव से परिचय कराते हैं।बारनावापारा अभयारण्य का क्षेत्र विस्तार किया जा रहा हैं और इको-टुरिज्म को बढ़ावा दिया जा रहा हैं। बफर एरिया को बढ़ाने का प्रयास और बफर जोन बनेगा।

***सवाल - जिले में कई सीमेंट उद्योग हैं। पत्थर के लिये खनन किया जाता है जिससे वन क्षेत्र घटेंगे। इस पर क्या कार्य योजना है ?***

**जवाब** - अभी वन क्षेत्रों में खदान संचालित नहीं है इसलिए वन क्षेत्र सुरक्षित रहेंगे। यहां के लोग जागरूक हैं इसलिए पेड़ों कि कटाई नहीं हो रही हैं. उनको पता है कि जंगल कितना जरूरी है।

### ईद : गले लगाकर एक दूसरे को दी बधाई

# ईदगाह में धूमधाम से मनाई गई ईद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

नगर के ईदगाह में ईद का पर्व बड़े हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सभी लोगों ने एक साथ मिलकर नमाज अदा की और नगर में अमन-चैन, देश की खुशहाली तथा आपसी प्रेम और भाईचारे की मजबूती के लिए मौलाना से दुआएं मांगी। इस दौरान अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष राशिद अली ने सभी को ईद की बधाई देते हुए कहा कि ईद एकता और भाईचारे का प्रतीक है, जो हमें मिलजुलकर रहने का संदेश देता है। वहीं समाज प्रमुख पीरू खान और मुस्लिम समुदाय के मुख्य सलाहकार सब्बीर ख़ान ने भी समस्त नगरवासियों को ईद की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह त्योहार सभी के जीवन में खुशियां और सौहार्द लेकर आए।

वहीं समाज के पूर्व मुतवल्ली अमीन खान ने कहा रमजान के पवित्र महीने के बाद ईद की सभी को मुबारक बाद और सभी देशवासियों को नवरात्रि की बधाई एवं शुभकामनाएं दी ।

पूर्व पार्षद युवा नेता जुबैर अली ने समाज की तरफ से भाईचारे का संदेश देते नवरात्रि व ईद की बधाई दी भारत देश गंगा जमुना तहजीब का अनूठा उदाहरण है, जहां सभी धर्म एक साथ मिलकर खुशी से मिलकर हर त्योहार मनाते हैं। कार्यक्रम में इरफान खान, रासीद खान, मिराज खान, रजा जावेद खान, आदिल खान, निसार अली, टीपू शादाब खान, असलम, मेराज, राजा, फैजान, समाज सेवक इरफान खान, शोएब खान, कैसर अली सोबी निसार अली फैजान अली अज्जू अली फ़ैज़ ख़ान, बोबो, सलीम ख़ान सहित कई लोगों ने देशवासियों और नगरवासियों को ईद की बधाई दी तथा आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की। इस मौके पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा। नमाज के बाद सभी लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।



## नपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ईदगाह पहुंचे



भाटापारा। ईद-उल-फितर के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ईदगाह पहुंचे, जहां उन्होंने मुस्लिम समाज के लोगों को गुलाब भेंट कर बधाई दीं। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र में उत्साह, श्रद्धा और भाईचारे का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि ईद-उल-फितर का पर्व प्रेम, त्याग, करुणा और इंसानियत का प्रतीक है। यह पर्व हमें समाज में आपसी सौहार्द, एकता और भाईचारे को मजबूत करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि ऐसे अवसर समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाकर सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करते हैं। इस अवसर पर उन्होंने समस्त नगरवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा "ईद-उल-फितर का यह पावन पर्व हम सभी को प्रेम, भाईचारे, करुणा और पारस्परिक सम्मान के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़ियि भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रदेश मंत्री आशीष जायसवाल, सभापति मनीष मिश्रा, पार्षद नंदकिशोर, वैष्णव सुरेश मंधान संतीश साहू, गोवर्धन डहरिया, राजेश साहू, मनीष पंजवानी आदि मौजूद थे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130






## खबर संक्षेप

### सतनामी समाज की बैठक आज

संडी बंगला। संडी सतनामी समाज संडी परिक्षेत्र के समाज प्रमुखों एवं सामाजिक जनों के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन 22 मार्च को दोपहर 12 बजे सतनाम भवन संडी में आयोजित होगी। बैठक का मुख्य उद्देश्य वार्षिक आय व्यय और विभिन्न मुद्दो के लेकर चर्चा होगी। उक्त जानकारी सतनाम भवन संडी परिक्षेत्र अध्यक्ष देव प्रसाद मार्कण्डेय ने दी ।

### नगर मारवाड़ी समाज ने की गणगौर पूजा



**बलौदाबाजार**। नगर मारवाड़ी समाज द्वारा गणगौर पूजा की गई। इस दिन विधि विधान से गौरी गौरा की पूजा करने के साथ इस व्रत कथा का पाठ किया गया। परिवार की महिलाएं माता -गौरी और भगवान शिव के समक्ष श्रद्धा सुमन लेकर पहुंची। पूजा में श्यामा भट्टर, शीतल, बार्बी मुदडा, साक्षी केडिया, आशी भट्टर, स्वेता माहेश्वरी, संध्या केडिया उपस्थित थीं।

### आदर्श पंचायत बना पौंसरी



सिमगा। विकासखंड सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत पौंसरी को आदर्श ग्राम पंचायत पौंसरी बनवाने पर पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा का सरपंच चंद्रमणी साहू ने आभार व्यक्त किया है। उक्त अवसर पर पंचगण भी शामिल हुए।

### राष्ट्रीय वॉलीबॉल में वीरेंद्र का पांचवीं बार चयन

**सिमगा** । राष्ट्रीय सिविल सर्विसेज वॉलीबॉल प्रतियोगिता में सिमगा ब्लॉक के शा.उ.मा. विद्यालय नवापारा के व्यायाम शिक्षक व एनसीसी अधिकारी वीरेंद्र पटेल का चयन होने से खेल प्रेमियों में हर्ष है। जानकारी अनुसार केंद्रीय सिविल सेवा संस्कृति एवं क्रीड़ा बोर्ड दिल्ली



के तत्वावधान में 20 से 26 मार्च तक दिल्ली के स्पोर्ट्स कांप्लेक्स गवर्नर सीनियर सेकेंडरी स्कूल एस यू ब्लॉक पीतमपुरा में आयोजित है, सिमगा ब्लॉक के ग्राम कुथरौद निवासी चंद्रशेखर पटेल का सुपुत्र वीरेंद्र का लगातार यह पांचवीं बार चयन हुआ है। खेल विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार पहला नेशनल बेमेतरा जिला में सेवा कार्य के दौरान हरियाणा में हुआ था, वहीं दूसरा दिल्ली, तीसरा केरल, चौथा पुणे और वर्तमान में पांचवीं बार दिल्ली में आयोजित नेशनल प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है, जो कि राज्य टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# न्यू छग स्कूल में मना हिंदू नव संवत्सर, 251 दीपों से जगमगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हथबंद

ग्राम कुकराचुनदा स्थित न्यू छत्तीसगढ़ स्कूल में हिंदू नव संवत्सर का पर्व श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया और विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं ग्रामीणों की सहभागिता से कार्यक्रम भव्य रूप में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना हथबंद के प्रभारी टीआई गोकुल पटेल एवं पैरा लीगल वालेंटियर अजय वर्मा उपस्थित थे। उन्होंने महिलाओं के अधिकार, बाल विवाह के दुष्परिणाम एवं यातायात नियमों की जानकारी देते हुए जागरूकता का संदेश दिया।

## दीपों की आभा और संस्कृत श्लोकों से गूंजा हिंदू नव वर्ष समारोह



### बच्चों ने बिखेरी सांस्कृतिक छटा

विद्यालय परिवार एवं बच्चों द्वारा 251 दीप जलाकर हिंदू नव वर्ष का स्वागत किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और उत्साहपूर्ण हो उठा। इस दौरान बच्चों ने संस्कृत श्लोक, प्रार्थना एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से कार्यक्रम को अत्यंत आकर्षक बना दिया। छोटे-छोटे बच्चों द्वारा कठिन संस्कृत श्लोकों का प्रस्तुतीकरण विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। बताया गया कि इसी दिन सृष्टि की रचना, माता दुर्गा द्वारा शक्ति की स्थापना, भगवान श्री राम के राज्याभिषेक एवं संत झूलेलाल जी के जन्म जैसी महत्वपूर्ण घटनाएं जुड़ी हैं, जिससे यह दिन अत्यंत पवित्र और गौरवशाली माना जाता है। इस अवसर पर ग्राम के गणमान्य नागरिक, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में हिंदू नव संवत्सर के धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक महत्व पर भी प्रकाश डाला गया।

अतिथियों का तिलक लगाकर सम्मान किया गया। विद्यालय के संचालक प्रमोद शुक्ला ने सभी अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में राजेश साहू, समारु साहू, महरु साहू, तीरथ साहू, कुसुम साहू, दुर्गा यदु, आंचल, अखिलेश्वरी शुक्ला, सत्यवती कुर्रे, रेशमा वर्मा सहित अनेक अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थी और आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया।

### पर्व : आस्था, एकता और संस्कृति का प्रतीक बना चेट्रीचंड उत्सव

# चेट्रीचंड पर्व पर निकाली शोभायात्रा का विधायक इन्द्र साव ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

सिन्धियत दिवस और चेट्रीचंड पर्व पर भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा का स्थानीय कांग्रेसजनों ने विधायक इंद्र साव के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया। इस दौरान विधायक इंद्र साव ने भगवान झूलेलाल की आरती उतारकर शोभायात्रा में शामिल लोगों को बधाई दी।

विधायक इंद्र साव ने कहा कि आज अत्यंत पवित्र और गौरवपूर्ण अवसर है, जब हम सिन्धियत दिवस और चेट्रीचंड्र पर्व मना रहे हैं। यह दिन केवल एक पर्व नहीं, बल्कि सिन्धी समाज की आस्था, संस्कृति, और पहचान का प्रतीक है।

चेट्रीचंड्र का यह पावन दिवस भगवान झूलेलाल के अवतरण दिवस के रूप में मनाया जाता है। भगवान झूलेलाल ने समाज को सत्य, एकता, प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने हमें सिखाया कि चाहे परिस्थितियां कितनी भी कठिन क्यों न हों, यदि हमारे मन में श्रद्धा और एकता है तो हम हर चुनौती का सामना कर सकते हैं।

विधायक ने समाज के लोगों से आह्वान किया कि समाज के लोग सिन्धी भाषा, संस्कृति और परंपराओं को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाएंगे और भगवान झूलेलाल के संदेश को अपनाते हुए समाज में सद्भाव, सेवा और मानवता के मूल्यों को और अधिक मजबूत करेंगे, ताकि यह समाज देश की प्रगति में और योगदान दें सके, तभी इस पर्व का सच्चा महत्व सिद्ध होगा।



### नगर में बहराणे साहब की महाआरती



भाटापारा। बजरंग वार्डवासियों द्वारा इस वर्ष भी भगवान झूलेलाल के बहराणे साहब की भव्य महाआरती कनक संजय माधवानी व राजेश हजारी लाल छाबड़िया के नेतृत्व में की गई। इस अवसर पर वार्डवासी कविता छाबड़िया, आशा सबलानी, कविता वलेचा, नीलम छाबड़िया, किरन खालसा, गीतू कंचवानी नीलम गेहाणी, पुष्पा चिमनानी, माही माधवानी, अंजली गंगवानी, प्रीत लिलवानी, रीता पुंशी, कंगना माधवानी, स्वीटा खालसा, नीतू छाबड़िया, संजना कंचवानी, असमी माधवानी सहित विधायक इंद्र साव, नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया, सभापति गोविंद पटेल सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

# सीएम साय आज पहुंचेंगे ओड़ान 35 जोड़े को देंगे आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

बावनगढ़ आदिवासी ध्रुव (गोंड) समाज, तुरतुरिया माता महासभा लवन एवं चक ओड़ान के संयुक्त तत्वावधान में 22 मार्च को ग्राम ओड़ान में गोंडवाना आदर्श सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन में 35 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधेंगे। सामाजिक दायित्वों हेतु अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए गोंड़ी धर्म संस्कृति और सामाजिक रीति-रिवाजों के अनुरुप गोंड समाज द्वारा सामूहिक आदर्श-विवाह का भव्य कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत बड़ादेव स्थापना, वीर नारायण सिंह तथा रानी दुर्गावती की प्रतिमाओं का अनावरण एवं शिलान्यास, हाई स्कूल के अतिरिक्त भवन का उद्घाटन तथा विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 8 बजे तेल-माटी एवं चूलमाटी से होगा। दोपहर 1 बजे बारात प्रस्थान, 2 बजे अतिथि स्वागत एवं उद्बोधन, तथा 3 बजे भांवर एवं टिकावन की रस्में सम्पन्न होंगी।

- प्रतिमाओं का अनावरण एवं शिलान्यास, हाईस्कूल अतिरिक्त भवन का उद्घाटन तथा विभिन्न विकास कार्यों का करेंगे भूमिपूजन

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विष्णु देव साय मुख्यमंत्री शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामविचार नेताम कृषि एवं आदिम जाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग मंत्री करेंगे। प्रमुख अतिथियों में गौरीशंकर अग्रवाल पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, श्यामबिहारी जायसवाल लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण प्रभारी मंत्री, टंकराम वर्मा राजस्व, आपदा प्रबंधन एवं उच्च शिक्षा मंत्री, लक्ष्मी राजवाड़े महिला एवं बाल विकास मंत्री शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथियों में संदीप साहू विधायक कसडोल, शिव सिंह नेताम अध्यक्ष आदिवासी ध्रुव गोंड समाज, सुभाष परते प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रभाग सर्व आदिवासी समाज, सनम जांगड़े प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा, भूपेंद्र ध्रुवंशी जिला अध्यक्ष, सर्व आदिवासी समाज बलौदाबाजार, रामचंद्र ध्रुव अध्यक्ष, अनुसूचित जनजाति मोर्चा भाजपा बलौदाबाजार, बी. एल. ध्रुव पूर्व सहायक आयुक्त, परिवहन विभाग, टिकेश्वर प्रसाद ध्रुव सरपंच ओड़ान एवं विजय कोशले मंडल अध्यक्ष रोहांसी शामिल होंगे।

# ईद का त्योहार देता है प्रेम, भाईचारे का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

नगर में मुस्लिम जमात के लोगों ने रमज़ान के अंतिम दिन ईदगाह में नमाज अदा कर देश में अमन एवं शांति की दुआ मांगी गई और गले मिलकर एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। विधायक संदीप साहू ने दूरभाष पर मुस्लिम जमात को ईद की मुबारकबाद दी।

- विधायक संदीप साहू ने दूरभाष पर दी मुस्लिम जमात को ईद की मुबारकबाद

संदीप साहू, गोपी साहू अध्यक्ष नगर पंचायत पलारी, सुरेन्द्र शर्मा पूर्व अध्यक्ष कृषक कल्याण विभाग, हितेंद्र ठाकुर पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी,मनीष चंद्राकर मंडल अध्यक्ष, पिंटू वर्मा उपाध्यक्ष नगर पंचायत पलारी, पार्षद नेमसिंह बांधे, प्रतिभा घनश्याम धिरहे, शेखर वर्मा, महेश डीडी, यमलोक साहू, मोहन बंजारे, साधराम साहू, शिवम मिश्रा सौरभ वर्मा, बाबा हयात खान, लेखु साहू, अंकित जोशी, सहित नगरवासी भारी संख्या में बधाई देने का सिलसिला पूरा दिन चलता रहा । इस दौरान मुस्लिम जमात के मोहम्मद अली, आजम खान, इस्लाम बेग, फ़ाज़ल खान, प्यार बेग, जहान बेग, रज्जाक खान, अजमेर खान, आज बेग, अजब बेग, शेर खान, रसीद मोहम्मद, सुल्तान बेग, मुस्तफा बेग, शेख मोहम्मद, चांद खान, मुस्तकीम बेग, मुमताज बेग, रसूल बेग, शरीफ मोहम्मद, लतीफ मोहम्मद , हयात खान, इब्राहिम बेग, ताज बेग, रसूल बेग, अकबर खान,असगर खान, नाजर खान, ताहिर खान सहित मुस्लिम जमात के सदस्य शामिल थे।





### हरिकांत बने कसडोल मंडल महामंत्री

**कसडोल /सेल**। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने हरिकांत साहू को कसडोल मंडल महामंत्री बनाए जाने की बधाई दी। कसडोल के रेस्ट हाउस में इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी वरिष्ठ भाजपा नेता राजकुमार जायसवाल, मोरध्वज पैंकरा, सभापति महिला मोर्चा पूर्व जिला महामंत्री सत्यभामा साहू, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष रामचंद्र ध्रुव, मंडल महामंत्री अनिल श्रीवास, संतोष कश्यप, सरपंच सर्वा सहित मंडल के कार्यकर्ताओं ने शुभकामना प्रेषित की।

# देवी मंदिरों में आस्था के ज्योत प्रज्वलित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

श्रद्धा भक्ति एवं उल्लास का पर्व 19 मार्च से बासंती चैत्र नवरात्रि प्रारंभ हो चुका है। नगर के मां महामाया मंदिर मां कंकालिन मंदिर मां शीतला मंदिर मां महेश्वरी मंदिर मां संतोषी मंदिर का रंग रोगन कर विद्युत साज सज्जा कर सभी देवी मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। चैत्र नवरात्रि का पर्व 19 मार्च से शुरू होकर 27 मार्च तक चलेगा। मां का दरबार में भक्तों की भीड़ नौ दिनों तक रहेगी। वहीं माता के भक्त नौ दिनों तक मंदिरों में जसगीत के माध्यम से मां जगत जननी की आराधना कर रहे हैं। श्रद्धालुओं द्वारा सभी देवी मंदिरों में आस्था के ज्योत प्रज्वलित किए गए हैं। मां कंकालिन मंदिर में 237 तेल 28 घृत मां शीतला मंदिर में 212 तेल घृत मां महेश्वरी मंदिर में 97 तेल 4 घृत मां महामाया मंदिर में 97 तेल 2 घृत एवं मां संतोषी मंदिर में 27 तेल मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं। नगर एवं अंचल में माँ शक्ति की आराधना एवं भक्ति मय वातावरण दिखाई पड़ रही है।



### पटेल समाज के सामुदायिक भवन का लोकार्पण

**कसडोल/सेल**। पटेल समाज के सामुदायिक भवन लोकार्पण में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल शामिल हुए। ग्राम हटौद के पटेल समाज ने उनका फूल मालाओं स्वागत किया। इस अवसर जनपद अध्यक्ष कुसुमलता पैकरा, सरपंच गायत्री जटवार, बैगनडबरी पंचायत सरपंच रजनी महिलांगे, भाजपा कसडोल मंडल अध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी, जनपद पंचायत सदस्य मोरध्वज पैकरा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष रामचंद्र ध्रुव, पटेल समाज ग्राम अध्यक्ष ढेलाराम पटेल, लीलाराम पटेल, शत्रुघन पटेल सहित बड़ी संख्या में पटेल समाज एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### भाजपा नेत्री अदिति बघमार को भाजपा प्रदेश संगठन में मिली जगह



**बलौदाबाजार**। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की सहमति से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की घोषणा हुई। बलौदाबाजार-भाटापारा जिला पंचायत की पूर्व जिला पंचायत सदस्य अदिति बघमार को भाजपा प्रदेश संगठन में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य का दायित्व सौंपा गया है। उन्होंने इस अवसर पर भाजपा प्रदेश संगठन में अपनी नवीन दायित्व पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय, कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता भाजपा प्रमोद शर्मा, पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल, भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव के प्रति आभार व्यक्त किया।


आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
रायपुर शहर
सीनियर प्रसार प्रतिनिधि
05 पद
शैक्षणिक योग्यता स्नातक
समाचार पत्र में प्रसार विभाग में
कार्य अनुभव 2 साल
वेतन 15000 + 5000/-
दिनांक - 20 मार्च से 23 मार्च 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक
नोट : प्रसार वृद्धि के लिये टीम तैयार करने वाले को प्राथमिकता
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

एजेन्सी देना है
हरिभूमि
समाचार पत्र बलौदाबाजार भाटापारा जिला के अंतर्गत
अमेरा
में संवाददाता नियुक्ति करना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
मो. 8370049468
जिला कार्यालय, बलौदाबाजार
अंबेडकर चौक बलौदाबाजार
मो. 9926204007

सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी व रीकन्सक्ट्रीव सर्जरी
कालडा हॉस्पीटल में
जबड़े, नाक, होंठ आदि के टेढ़ेपन व अन्य विकृतियों व सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी, रीकन्सट्रक्टीव सर्जरी, ब्रेकियल फ्लैक्सेस इंज्यूरी (हाथ के नसों की सर्जरी)
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
07 मई, 21 मई, 04 जून 2026
(12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

आप कितने स्वस्थ हैं? जानिएं
एक नियमित वेलनेस चेकअप आपके आज को सुरक्षित और कल को मजबूत करता है
वेलनेस गोल पैकेज ₹1500/- (20 से 40 साल की उम्र के लिए)
वेलनेस जर्नी पैकेज ₹2000/- (40 से 60 साल की उम्र के लिए)
● प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार
● सीमित सीट
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
9109956720
9926386660
सुयश हॉस्पिटल
कोटा–गुढ़ियारी रोड, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371